studocu

# सोशल मीडिया अर्थ, परिभाषा, प्रभाव, महत्त्व १

B.a(Hons) Business Economics (University of Delhi)

Studocu is not sponsored or endorsed by any college or university
Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)

सोशल मीडिया दो शब्दों से मिलकर बना है सोशल और मीडिया. जिसमें सोशल का मतलब है सामाजिक और मीडिया का मतलब है माध्यम. अर्थात सोशल मीडिया एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा इन्टरनेट का इस्तेमाल करके लोगों को आपस में जोड़ा जाता है.

सोशल मीडिया में लोग आपस में जुड़कर किसी भी प्रकार की जानकारी को साझा कर सकते हैं, फ्रेंडशिप और रिलेशनशिप कर सकते हैं, देश दुनिया के बारे में जान सकते हैं, अपनी बात को दुनिया के सामने रख सकते हैं, आदि प्रकार के सभी कार्य लोग सोशल मीडिया के द्वारा कर सकते हैं.

सोशल मीडिया की परिभाषा (Definition of Social Media in Hindi)

सोशल मीडिया एक प्रकार की वेबसाइट या एप्लीकेशन होती है जो लोगों को आपस में जुड़कर इनफार्मेशन शेयर करने की सुविधा प्रदान करवाती है. जैसे कि फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विटर आदि.

SixDegrees दुनिया का पहला सोशल मीडिया प्लेटफार्म था जिसे कि Andrew Weinreich ने 1997 में बनाया था, लेकिन साल 2001 में इसे बंद कर दिया गया.

साल 2002 में LinkdIn सोशल नेटवर्किंग साईट की स्थापना की गयी, जिसका मुख्य उद्देश्य था कि लोगों को सही करियर मिल सके. नौकरी की चाह रखने वालों के लिए यह एक अच्छा प्लेटफार्म है.

This document is available free of charge on studocu

Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)

इसके बाद साल 2004 में मार्क जुकरबर्ग में फेसबुक लांच किया, फेसबुक के आने के बाद सोशल मीडिया एक अलग स्तर पर पहुँच गया. सोशल मीडिया की बढती लोकप्रियता को देखकर धीरे – धीरे मार्केट में अनेक प्रकार के सोशल मिडिया प्लेटफार्म आने लगे.

आज के समय में सोशल मीडिया प्लेटफार्म लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं. लोगों के बीच Whtsapp, ट्विटर, इन्स्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म बहुत ही लोकप्रिय हैं.

सोशल मीडिया दिवस (Social Media Day)

दुनियाभर में हर साल 30 जून को सोशल मीडिया दिवस के रूप में मनाया जाता है. सोशल मीडिया दिवस को पहली बार 30 जून 2010 को मनाया गया था, उस समय सोशल मीडिया की उपयोगिता का दुनियाभर में प्रचार – प्रसार करने के लिए सोशल मीडिया दिवस मनाया गया था.

सोशल मीडिया के प्रकार (Types of Social Media in Hindi)

सोशल मीडिया मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है.

Internal Social Media

External Social Media

Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)

1 – Internal Social Media

इंटरनल सोशल मीडिया एक निजी समुदाय होता है, जिसमें कि कम मात्रा में लोग जुड़े रहते हैं. इस प्रकार के सोशल मीडिया में जुड़ने के लिए इनविटेशन (निमंत्रण) की जरुरत होती है. जैसे कि – प्राइवेट ग्रुप, कोई गुप्त फौरम आदि.

2 – External Social Media

एक्सटर्नल सोशल मीडिया एक पब्लिक समुदाय होता है, जहाँ बहुत अधिक संख्या में लोग जुड़े रहते हैं. इस प्रकार के सोशल मीडिया में कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है. जैसे कि फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विटर आदि.

सोशल मीडिया के प्लेटफार्म (Social Media Platform)

सोशल मीडिया के अनेक सारे प्लेटफार्म हैं, हर दिन कई नए सोशल मीडिया प्लेटफार्म बनते हैं. पर कुछ प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्म जिनका इस्तेमाल सबसे ज्यादा किया जाता है वे निम्न प्रकार से हैं –

Facebook

WhatsApp

Instagram

Pinterest

This document is available free of charge on studocu

Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)

LinkedIn

Reddit

Tumbler आदि

सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव

सोशल मीडिया के आने से बहुत सारे सकारात्मक परिणाम देखने को मिले, उनमे से कुछ प्रमुख परिणामों के बारे में हमने आपको नीचे बताया है.

1 – दूरियां कम करने में मददगार

सोशल मीडिया के आने से लोगों में दूरियां कम हो गयी, आप चाहे दुनिया के किसी भी कोने में रहते है सोशल मीडिया के द्वारा आप अपने परिजनों से विडियो कॉल में बात कर सकते हैं. जिससे रिश्तों में दूरी का आभास ही नहीं होता. सोशल मीडिया की सबसे बड़ी उपलब्धि यही रही कि इसके माध्यम से लोग आपस में जुड़े है.

2 – दुनिया भर में जानकारी साझा करना

सोशल मिडिया के आने से दुनिया के किसी भी कोने में घटित कोई भी खबर फेसबुक, व्हाट्सअप, ट्विटर, इन्स्टाग्राम आदि के माध्यम से सीधे आपके फोन तक पहुँच जाती है, या आप अपनी बातों को सोशल मिडिया के माध्यम से लोगों तक पंहुचा सकते हो.

3 – नए लोगों से जुड़ना

Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)

सोशल मीडिया पर आप नए – नए लोगों से मिलते हैं और उनसे मित्रता कर सकते हैं. कई लोग सोशल मीडिया के द्वारा ही अपने जीवन साथी को चुन लेते हैं.

4 – व्यापार को बढ़ावा देना

सोशल मीडिया के बहुप्रचलित होने से अब अधिकतर कंपनी ऑनलाइन ही मार्केटिंग करती है, इसे डिजिटल मार्केटिंग कहा जाता है. डिजिटल मार्केटिंग के द्वारा कंपनी अपने प्रोडक्ट के लिए कम पैसों में सही कस्टमर को ढूंढने में सफल होती है.

सोशल मीडिया के द्वारा ऑनलाइन व्यापार में बहुत अधिक प्रगति हुई है. हर कोई व्यक्ति अपने बिज़नस को ऑनलाइन ले जाना चाहता है.

5 – लोगों को रोजगार मिला

सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत सारे लोगों ने अपनी एक अलग पहचान बनाई. लोग ब्लॉग बनाकर , यू – ट्यूब , डिजिटल मार्केटिंग आदि माध्यमों के द्वारा लाखों रूपये महीने की कमाई करते हैं. कुछ लोग सोशल मीडिया के द्वारा से रातों-रात स्टार बन जाते हैं.

6 – नयी स्किल सीख सकते हैं

This document is available free of charge on studocu

Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)

सोशल मीडिया पर लोग अपने नॉलेज को भी शेयर करते हैं, जिससे कि आप कुछ नयी स्किल को बड़ी आसानी से सीख सकते हैं . नयी स्किल सीखने के लिए YouTube सबसे बढ़िया प्लेटफार्म है.

सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव

जिस प्रकार हर सिक्के के दो पहलु होते हैं, उसी प्रकार से सोशल मीडिया के फायदों के साथ कई प्रकार के नुकसान भी हैं, जिन्हें कि नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. सोशल मीडिया के कुछ नुकसान हमने आपको नीचे बताये हैं.

1 – बच्चों और युवाओ को सोशल मीडिया की लत

सोशल मीडिया के आने से बच्चे अपना ध्यान पढाई में न लगाकर फोन में ही ज्यादा समय व्यतीत करते हैं. इससे उनके भविष्य को खतरा बना रहता है.

आज का युवा वर्ग भी बहुत तेजी से सोशल मीडिया की जाल में बुरी तरह फंसता जा रहा है. वो चाहकर भी अपने सोशल मीडिया की लत को नियंत्रण नहीं कर पाते हैं, और अपना कीमती समय सोशल मीडिया पर गवां देते हैं.

2 – शाररिक बीमारियाँ

सोशल मीडिया के आने से बच्चों को छोटी सी उम्र से ही बहुत शाररिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है. अपना अधिक समय फोन में बिताने के कारण वे खेलने – कूदने

Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)

, व्यायाम करने जैसी शाररिक गतिविधियों पर ध्यान नहीं देते हैं, जिससे शरीर में बहुत सी बीमारियों का वास हो जाता है.

इसके अलावा आँखों की समस्या का खतरा बना रहता है, आपने देखा भी होगा आजकल बच्चों को छोटी सी उम्र से ही ऐनक का सहारा लेना पड़ता है.

3 – मानसिक बीमारियाँ

आज के समय में सबसे ज्यादा गंभीर बीमारी की बात करें तो वह है डिप्रेशन. लोग सोशल मीडिया की दुनिया में इतना व्यस्त हैं कि उन्हें बाहर की असलियत की दुनिया से कोई मतलब नहीं रह गया है.

लोग सोशल मीडिया का इतना प्रयोग कर रहे हैं कि उसी में उनकी एक अलग दुनिया बन जाती है, जिससे वे डिप्रेशन जैसी बीमारी का शिकार होने लगते हैं. ऐसी बहुत सारी खबरे भी आई है जब सोशल मीडिया के अधिक प्रयोग से लोगों ने खुद को नुकसान पहुचाया है.

4 – साइबर क्राइम का खतरा

सोशल मीडिया के आने से साइबर क्राइम का खतरा बहुत अधिक बढ़ गया है. जिनको सोशल मीडिया के बारे में कम जानकारी रहती है , कुछ चतुर लोग उन लोगों को बहला

This document is available free of charge on studocu

Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)

– फुसला कर उनके बैंक की पूरी जानकारी ले लेते हैं और मिनट से पहले उनका सारा अकाउंट खाली कर देते हैं.

5 – काम पर पूरा फोकस नहीं कर पाना

सोशल मीडिया के आने से लोग अपने फोन में ज्यादा समय व्यतीत कर रहे हैं, जिससे उनका फोकस स्तर लगातार गिरता जा रहा है. वे अपने काम को समय पर और अच्छे तरीके से पूरा नहीं कर पाते हैं.

6 – असली रिश्तो में कडवाहट

सोशल मीडिया के आने से भले ही लोग आपस में जुड़ तो गए हैं , लेकिन अपने असल के रिश्तों के लिए उनके पास जरा भी समय नहीं हैं. लोग दिन भर – फोन में ही लगे रहते हैं और अपने ही परिवार के सदस्यों से बाते नहीं कर पाते है.

लोग अपने उन्ही दोस्तों के साथ चैट करने में समय व्यतीत करते हैं जिन्हें वे सोशल मिडिया के माध्यम से जानते हैं. यह भी सोशल मीडिया का एक बहुत बड़ा नकारात्मक प्रभाव है.

7 –  अफवाह अथवा गलत ख़बरों का प्रचार – प्रसार

Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)

सोशल मिडिया पर लोग बिना किसी पुरी जानकारी के कुछ भी खबर को शेयर करते हैं. जिससे कुछ ही समय में कोई गलत खबर भी पूरी दुनिया में फ़ैल जाती है. गलत ख़बरों के फैलने से हमेशा हिंसा की भावना बनी रहती है.

इन सभी के अतिरिक्त सोशल मीडिया के और भी बहुत सारे दुष्प्रभाव हैं, जो मानव को बुरी तरह नुकसान पहुंचा रहे है.

निष्कर्ष :-

सोशल मीडिया का अर्थ, सामाजिक माध्यम है. एक ऐसा माध्यम जिसके द्वारा लोग आपस में जुड़ कर जानकारी साझा कर सकते हैं, उसे ही सोशल मीडिया कहा जाता है.

सोशल मीडिया में वे सारी वेबसाइट या एप्लीकेशन आती हैं जिनके द्वारा आप किसी भी प्रकार की जानकारी को लोगों तक शेयर कर सकते हैं.

सोशल मीडिया दिवस 30 जून को पुरे विश्व मव मनाया जाता है.

दुनिया का पहला सोशल मीडिया प्लेटफार्म SixDegrees था, जिसे कि सन 1997 में Andrew Weinreich ने बनाया था.

This document is available free of charge on studocu

Downloaded by TK PP (2dkqap3jt8@sfolkar.com)